दैनिक जागरण 23/04/2025

# टैक स्पार्क ने विद्यार्थियों को तकनीक के प्रति किया जागरूक

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के एमबीए एवं कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा तकनीकी एवं नवाचार आधारित टैक स्पार्क 25 का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी प्रतिस्पर्धाओं के साथ-साथ सामाजिक चेतना, नवाचार और नेतृत्व को भी प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नव चेतना मंच करनाल के संस्थापक व अध्यक्ष एसपी चौहान रहे। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा विद्यार्थियों को तकनीक के बारे में पारंगत करना रहा। इस दौरान डा. भारती विज, डा. अमिता, डा. रवनीत कौर, डा. उपेंद्र कौर, आशीष जौली, डा. मनजीत कौर जज के रूप में शामिल हुईं। ओवरआल ट्राफी जीएमएन कालेज के नाम रही।